राज्यपाल सचिवालय, बिहार
(जन–सम्पर्क शाखा)
राजभवन, पटना–800022

संख्या–28/2025

प्रेस–विज्ञप्ति

राज्यपाल से भारतीय प्रशासनिक सेवा के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने मुलाकात की

पटना, 22 मार्च, 2025 :– माननीय राज्यपाल श्री आरिफ मोहम्मद खां से वर्ष 2023 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा के बिहार संवर्ग के प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने राजभवन आकर मुलाकात की।

इस अवसर पर बातचीत के दौरान राज्यपाल ने उनसे कहा कि वे अपने काम से प्रेम करें तथा आम जनता से मधुर और सम्मानजनक व्यवहार करें। उन्होंने उन्हें सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत माँगी जानेवाली सूचनाओं से असहज नहीं होने की सलाह देते हुए कहा कि जनता जागरूक हो रही है और यह लोकतंत्र के लिए अच्छा है।

राज्यपाल ने कहा कि बिहार देश की धार्मिक, सांस्कृतिक और बौद्धिक राजधानी रही है। यहाँ के लोग काफी मेधावी और परिश्रमी हैं तथा देश के आर्थिक और प्रशासनिक व्यवस्था में उनका महत्वपूर्ण योगदान है। उन्होंने केरल की अनेक विशेषताओं का भी उल्लेख किया जहाँ वे बिहार से पहले राज्यपाल थे।

प्रशिक्षु पदाधिकारियों ने भी जिला एवं प्रखंड में प्रशिक्षण के दौरान प्राप्त अपने अनुभवों को राज्यपाल के साथ साझा किया। प्रशिक्षु पदाधिकारियों में सुश्री गरिमा लोहिया, श्री तुषार कुमार, श्री अनिरूद्ध पाण्डेय, सुश्री कृतिका मिश्रा, सुश्री आकांक्षा आनंद, श्री प्रद्युम्न सिंह यादव, सुश्री अंजली शर्मा, श्री रोहित कर्दम, सुश्री शिप्रा विजयकुमार चौधरी एवं सुश्री नेहा कुमारी शामिल थीं।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू एवं बिपार्ड, पटना के अपर महानिदेशक श्री विनोद सिंह गुंजियाल व अन्य लोग उपस्थित थे।

....